भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 460**

जिसका उत्तर 03.02.2022 को दिया जाना है

**कर्नाटक से एनएच हेतु प्रस्ताव**

460. श्री तेजस्वी सूर्या:

श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:

श्री प्रताप सिम्हा:

डॉ उमेश जी. जाधव

श्री बी.वाई.राघवेन्द्र

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की मंजूरी और निर्माण के लिए कर्नाटक से कोई या अद्यतन प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कर्नाटक में राष्ट्रीय राजमार्ग की मौजूदा लंबाई कितनी है और उक्त नई परियोजनाओं के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग की मौजूदा लंबाई में कितनी वृद्धि होने की संभावना है;

(ग) केंद्र सरकार के पास अनुमोदन के लिए अभी भी लंबित राज्य के राष्ट्रीय राजमार्ग प्रस्तावों का राष्ट्रीय राजमार्ग-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इन प्रस्तावों की मंजूरी के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) कर्नाटक राज्य में मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 7652 किमी है। मंत्रालय को राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में घोषित/उन्नयन करने के लिए कर्नाटक राज्य सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों आदि से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मंत्रालय संपर्कता, यातायात के स्तर, पारस्परिक प्राथमिकता और धन की उपलब्धता की आवश्यकताओं के आधार पर समय-समय पर कुछ राज्यों की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने पर विचार करता है। मंत्रालय को राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए वर्ष 2021-22 के दौरान 1625.68 करोड़ की लागत के 9 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिनमें से 1152.20 करोड़ रुपये की लागत के 6 प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं। शेष प्रस्तावों को भूमि अधिग्रहण और अन्य निर्माण के पूर्व की गतिविधियों के पूरा होने के आधार पर स्वीकृत किया जाएगा।

******